

## युजवेंद्र चहल ने शेयर की मंगेतर धनश्री के साथ तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपनी मंगेतर धनश्री वर्मा के साथ एक बेहद क्यूट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने जो कैप्शन दिया है, वह काफी खास है। धनश्री, खुद एक कॉन्टेंट क्रिएटर हैं और यूट्यूब के अलावा सोशल मीडिया पर भी वीडियो शेयर करती रहती हैं। चहल और धनश्री की अगस्त में सगाई हुई थी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के इस खिलाड़ी ने गुरुवार को धनश्री के साथ एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। फोटो में दोनों को एक सीढ़ी पर बैठे देखा जा सकता है और दोनों ही मुस्कुरा रहे हैं। युजवेंद्र ने कैप्शन में लिखा, आपने मुझे जो मुस्कान दी है, मैं उसे दिखा रहा हूं। उन्होंने इसके साथ दिल वाला इमोजी भी लगाया। धनश्री इस फोटो पर कॉमेंट करने में पीछे नहीं रहीं और उन्होंने लिखा, आपका स्वागत है। हमेशा मुस्कुराते रहो। चहल फिलहाल आईपीएल के 13वें सीजन के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हैं, जहां वह विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आरसीबी ने अब तक तीन मैच खेले हैं, जिसमें दो में जीत हासिल की है।

# रोहित की टीम की जीत से ज्यादा उस '1 रन' की हो रही चर्चा

**क्रिकेट**

### कुछ विशेषज्ञों और फैंस ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन का 13वां मैच रेकॉर्ड चार बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच खेला गया। मैच में मुंबई ने जीत दर्ज की लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा '1 रन' को लेकर हो रही है, जब मुंबई के कायरन पोलार्ड बल्लेबाजी कर रहे थे। हालांकि यह मुकाबला करीबी नहीं था, इसलिए बड़ा विवाद नहीं हुआ लेकिन कुछ विशेषज्ञों और फैंस ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की।

अबु धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में मुंबई की पारी के 17वें ओवर में यह घटना हुई, जब पोलार्ड पंजाब के पेसर मोहम्मद शमी का सामना कर रहे थे। ऑन–फील्ड अंपायर ने मुंबई के बल्लेबाज को स्टंप आउट दिया लेकिन इस अनुभवी क्रिकेटर ने तुरंत DRS लेने का फैसला किया।

DRS लेने पर यह पता चला कि गेंद पैड पर लगने से पहले पोलार्ड के बल्ले के अंदरुनी किनारा लेकर गई थी। ऑन–फील्ड अंपायर ने आउट कर दिया था लेकिन बाद में उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। इस गेंद पर पोलार्ड ने जो रन लिया था, वह आईसीसी के नियम के कारण हटा दिया गया।

**क्या है नियमः** आईसीसी के नियम के अनुसार,अंपायर के किसी निर्णय के उलटने का लाभ उठाने के दौरान बल्लेबाजी पक्ष को उस गेंद पर किसी भी रन से लाभ नहीं होगा जो ऑन–फील्ड अंपायर ने बाद में नॉट आउट दिया हो, किसी नो–बॉल के अलावा।

पोलार्ड ने शमी की उस गेंद पर सिंगल लिया था, लेकिन वैध रन होने के बावजूद उनको या टीम को इसका लाभ नहीं मिल सका। भले ही डीआरएस में यह साबित कर दिया कि पोलार्ड ने एक शॉट मारा था, गेंद तो वैध मानी गई लेकिन रन को गिना नहीं गया।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आईसीसी से नियम को ठीक करने का आग्रह करते हुए इस पर चर्चा की। उन्होंने ट्विटर पर एक पोस्ट में लिखा कि इस नियम पर पुनर्विचार की जरूरत है। आईपीएल के 13वें सीजन में अभी तक 2 बार सुपर ओवर से फैसला हुआ है और यदि यह 1 रन उन दोनों में से किसी मैच में लिया गया होता तो जाहिर तौर पर बड़ा मुद्दा बन सकता था। अबु धाबी में कप्तान रोहित शर्मा के बाद कायरन पोलार्ड और हार्दिक पंड्या के तूफानी प्रदर्शन से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने किंग्स इलेवन पंजाब को एकतरफा अंदाज में 48 रनों से हराया। इस जीत से टीम 3 मैचों में 2 जीत के बाद नेट रन रेट के आधार पर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई।

# पंजाब की टीम में होंगे बदलाव केएल राहुल ने दिए संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल इस समय बड़ी मुश्किल में हैं। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल में पहली बार कप्तानी कर रहे केएल राहुल से कुछ गलतियां हो रही हैं। हालांकि, वे उन गलतियों से सीख भी रहे हैं, लेकिन मुंबई के खिलाफ मिली 48 रन की करारी हार के बाद किंग्स इलेवन पंजाब को अपनी योजनाओं में बदलाव करना होगा। इस बात के संकेत खुद कप्तान केएल राहुल ने दिए हैं। केएल राहुल ने मुंबई के खिलाफ बुरी तरह से मैच हारने के बाद कहा कि वह टीम प्रबंधन के साथ अतिरिक्त गेंदबाजो को खेलने को लेकर चर्चा करेंगे। केएल राहुल ने यह बयान मुंबई इंडियंस



के खिलाफ गुरुवार को अबू धाबी के मैदान पर मिली 48 रनों से हार के बाद दिया है। किंग्स इलेवन पंजाब ने आखिर के 6 ओवर में 100 से ज्यादा रन दिए थे, जो पंजाब की टीम के लिए आइपीएल 2020 की तीसरी हार का कारण बने।

कप्तान केएल राहुल ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं घबराया हूं, लेकिन हां, निराशा है। हमने गलतियां कीं और अब यह जरूरी है कि हम मजबूती से वापसी करें। नई गेंद से विकेट अच्छी लग रही थी। नहीं पता कि वह कब धीमी हुई। एक और गेंदबाज का विकल्प अच्छा होता। एक ऑलराउंडर जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कर सके। कोच के साथ बैठ कर तय करेंगे कि अतिरिक्त गेंदबाज के साथ खेलें या नहीं।

कप्तान केएल राहुल और टीम मैनेजमेंट का अब सोचना भी बनता है। पंजाब की टीम ने टी20 स्पेशलिस्ट गेंदबाज क्रिस जॉर्डन को एक ही मैच के बाद बाहर कर दिया था। यहां तक कि टीम करुण नायर को लगातार मौके दे रही है। ऐसे में टीम के लिए सोचना अब जरूरी भी हो गया है, क्योंकि टीम अपने 4 में से 3 मुकाबले हार चुकी है।

## हार्दिक ने कीरोन पोलार्ड के साथ ताबड़तोड़ बैटिंग करने पर क्या कहा?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूधाबी। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पंड्या को इस बात गर्व है कि उन्होंने कीरोन पोलार्ड के साथ किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। पोलार्ड और पांड्या ने मिलकर 18 वें ओवर में 18 रन और 19 वें ओवर में 19 रन बनाए। इसके बाद दोनों ने अंतिम ओवर में चार छक्के लगाए और टीम का स्कोर 20 ओवरों में 191 रन पर पहुंचा दिया। आखिरी छह ओवर में मुंबई ने 104 रन बनाए।

मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने क्रुणाल पांड्या को पोस्ट किए गए एक वीडियो में बताया कि यह सरल था, कई बार मैंने और पोलार्ड ने ऐसी बल्लेबाजी की है। यह लाजवाब रहा है और मैंने हमेशा इन पलों का आनंद लिया है। जब मैं बल्लेबाजी करने आया था, तो यह स्पष्ट था कि मुझे तेज खेलना पड़ेगा, क्योंकि मैं ज्यादा रन बनाने के बारे में सोच रहा था। अंत में हमने वो स्कोर बनाया जो किंग्स इलेवन पंजाब के लिए मुश्किल रहा। हमने 192 रनों तक पहुंचने के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन हम भाग्यशाली रहे कि पोलार्ड ने फिर से कर दिखाया और हम दोनों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उस पर मुझे बहुत गर्व है।

## न्यूज डायरी



### अंबाती रायुडू की वापसी से चेन्नई सुपर किंग्स मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पिछले मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाली चेन्नई सुपर किंग्स अंबाती रायुडू और ड्वेन ब्रावो के फिट होने से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में अधिक मजबूती के साथ मैदान पर उतरी। आइपीएल के उद्घाटन मैच में मुंबई इंडियंस पर चेन्नई की जीत के नायक रहे रायुडू मांसपेशियों के खिंचाव के कारण अगले दो मैचों में नहीं खेल पाए, जबकि ब्रावो कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्होंने आइपीएल के इस सत्र में अभी तक कोई मैच नहीं खेला है। सीएसके के सीईओ केएस विश्वनाथन ने कहा कि रायुडू और ब्रावो दोनों चयन के लिए उपलब्ध हैं। दोनों ही टीमों को अपने पहले तीन मैचों में से दो में हार का सामना करना पड़ा और इसका मुख्य कारण उनके मध्यक्रम का संतुलित नहीं होना है।

### राहुल से हुईं गलतियां, आलोचना होने पर युवराज सिंह ने ऐसे किया सपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल की गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में लिए गए कुछ फैसलों के लिए आलोचना हो रही है। आलोचना का सबसे बड़ा कारण कृष्णप्पा गौतम से आखिरी ओवर कराना भी था, क्योंकि उनके सामने किरोन पोलार्ड और हार्दिक पांड्या थे, जिन्होंने आखिरी ओवर में 4 छक्के जड़े और मुंबई इंडियंस को एक विशाल स्कोर पर ले जाकर खड़ा कर दिया। मोहम्मद शमी के अलावा कोई भी सही डेथ गेंदबाज पंजाब के पास नहीं बचा, केएल राहुल ने अंतिम कुछ ओवरों में जेम्स नीशम और के गौतम को गेंद सौंपी और इसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। किंग्स इलेवन पंजाब के लिए आइपीएल में कप्तानी कर चुके बाएं हाथ के बल्लेबाज युवराज सिंह ने इस मामले पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और कहा कि केएल राहुल की आलोचना अनुचित है, क्योंकि वह अपनी कप्तानी के शुरुआती दिनों में हैं। यहां से वे सुधार करेंगे। उन्होंने आलोचकों से आग्रह किया कि वे उनकी सकारात्मक को भी देखें।

### प्लिस्कोवा को चौंकाकर ओस्टापेंको तीसरे दौर में पहुंचीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन और पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको ने फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में प्रवेश किया। सोफिया ने दूसरे दौर में अन्ना बोगडन को 3–6, 6–3, 6–2 से शिकस्त दी। ओस्टापेंको ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6–4, 6–2 से शिकस्त दी। ओस्टापेंको ने 2017 में अपना एकमात्र मेजर खिताब यहीं जीता था। प्लिस्कोवा उस साल सेमीफाइनल में पहुंची थीं और सिमोना हालेप से हार गई थीं। सातवीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा ने भी तीसरे दौर में जगह बनाई। दो बार की विंबलडन चैंपियन ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6–3, 6–3 आसानी से मात दी।

### चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज में आमने–सामने होंगे लियोन मेसी व क्रिटिस्यानो रोनाल्डो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेनेवा। स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के दिग्गज स्ट्राइकर लियोन मेसी और इटली के क्लब जुवेंटस के क्रिटिस्यानो रोनाल्डो आगामी सत्र में यूएफा चैंपियंस लीग के ग्रुप स्टेज के मैचों में आमने–सामने होंगे, क्योंकि उन दोनों खिलाड़ियों की टीमों को एक ही ग्रुप में शामिल किया गया है। यूएफा ने ग्रुप स्टेज का ड्रॉ निकाला, जिसमें जुवेंटस और बार्सिलोना क्लब ग्रुप–जी में शामिल हैं। ग्रुप स्टेज की टीमों को आठ ग्रुपों में बांटा गया है और एक ग्रुप में चार टीमें शामिल हैं। मेसी और रोनाल्डो पहली बार लीग के ग्रुप स्टेज के मैचों में आमने–सामने होंगे। ग्रुप में जुवेंटस शीर्ष वरीय, जबकि बार्सिलोना दूसरी वरीय टीम है। 35 वर्षीय रोनाल्डो और 33 वर्षीय मेसी लीग में कभी भी इतनी जल्दी आमने–सामने नहीं हुए हैं।